करम गड़ाई रे... सरना नवयुवक संघ के तत्वावधान में सोमवार को रांची विवि के दीक्षांत मंडप में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रांची और आसपास के 36 युवा समूहों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और छात्रावासों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

आड्रे हाउस में 12 जिलों के कलाकारों की खास प्रस्तुति

रांची। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा सोमवार को आड्रे हाउस में करम पर्व पूर्व संध्या संगोष्ठी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन विभागीय निदेशक आसिफ एकराम, पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री महावीर नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, राकेश रमन और मानपूरन नायक ने संयुक्त रूप से किया।

नगाड़ा वादन के साथ झारखंड के 12 जिलों के कलाकारों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। जमशेदपुर व पूर्वी सिंहभूम के दलों द्वारा संथाली, गुमला दल द्वारा नागपुरी, बुंडू के कलाकारों द्वारा मुंडारी व रामगढ़ के दल द्वारा खोरठा करम नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं।

रांची विवि के दीक्षांत मंडप में करम पूर्व संध्या समारोह, पारंपरिक जनजातीय वेशभूषा में कलाकरों ने बांधा समां

करम राजा देहू आशीष, भाई की आयु बढ़े रे... पर थिरके पांव

- सरना नवयुवक संघ के मंच पर गूंजे करम गीत, कुड़ुख, मुंडारी और संताली में अनादि प्रार्थना

36 विभिन्न सांस्कृतिक दलों व हॉस्टल के छात्रों ने प्रस्तुत किए मनमोहक लोकनृत्य

रांची, वरीय संवाददाता। रांची में करम पर्व का पारंपरिक व सांस्कृतिक आगाज हो गया है। सोमवार को सरना नवयुवक संघ के तत्वावधान में रांची विवि के दीक्षांत मंडप में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक समारोह में रांची और आसपास के 36 युवा समूहों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और छात्रावासों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी लोग पारंपरिक जनजातीय वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए।

मांदर की थाप, नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक करम गीतों ने पूरे परिसर को करम-मय बना दिया। कलाकारों ने- करम डाइर लइके, आइलैं रे, आइलैं करम केर त्योहार..., करम राजा देहू आशीष, भाई की आयु बढ़े रे...और कुड़ुख भाषा के गीत- एका टोंगरी ती करम बरेचा... जैसे नागपुरी, मुंडारी, संताली और खड़िया लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। आयोजन स्थल झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति की छटा से सराबोर हो उठा।

प्रार्थना से हुई शुरुआत: समारोह की शुरुआत कुड़ुख, मुंडारी और संताली भाषा में अनादि प्रार्थना के साथ की गई। संघ के अध्यक्ष डॉ. हरि उरांव ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. बंदे खलखो ने संघ का परिचय प्रस्तुत किया। मंच संचालन दिनेश्वर बेक ने किया। डॉ. बिरेंद्र उरांव ने धन्यवाद व्यक्त किया। नेपाल से आए अतिथियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर हस्तियों को सम्मानित किया गया।

अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व मेयर रमा खलखो, आरयू डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश साहू, मानिकी डीन डॉ. अर्चना दुबे, झारखंड खुला विवि के कुलपति डॉ. त्रिवेणी नाथ साहू, दिनेश उरांव, प्रकाश उरांव, रविंद्र भगत मौजूद रहे।

इन छात्रावासों व संगठनों की रही भागीदारी : कार्तिक उरांव आदिवासी कॉलेज छात्रावास रांची, सरना आदिवासी बालिका छात्रावास, आदिवासी बालक छात्रावास हातमा, पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा दल रुम्बुल, दीपशिखा छात्रावास, डोरंडा कॉलेज छात्रावास, जनजातीय विभाग मरवाड़ी कॉलेज, सामागम हो यूथ, प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र हॉस्टल, डीएसपीएमयू, राजा बिड़ला आदिवासी कॉलेज हॉस्टल आकांक्षा बालिका कॉलेज हॉस्टल आदि।

दीक्षांत मंडप के कार्यक्रम में सोमवार को मांदर की थाप, नगाड़ों की गूंज और करम गीतों ने पूरे परिसर को करममय बना दिया।

'मानव और प्रकृति के अटूट संबंध का प्रतीक है करम पर्व'

रांची। जेएन कॉलेज में सोमवार को करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर समां बांध दिया। प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार ने कहा कि करम पर्व मानव व प्रकृति के बीच गहरे व अटूट संबंध को दर्शाता है। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक जनजातीय नृत्य प्रस्तुत कर करम पर्व का उल्लास साझा किया।

समारोह में एक विशेष शैक्षणिक व साहित्यिक सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ हिमावती बिन्हा की पुस्तक 'लघु त्रयी में करुणा का स्वरूप और विनियोग' का औपचारिक विमोचन किया गया।

डॉ हर्षमती सिंकू, प्रो रामजय नायक डॉ पुष्कर, डॉ प्रमोद सिंह, प्रो जगदीश लोहरा, प्रो अरुण तिग्गा, दिग्विजय सिंह शिक्षक, शोधार्थी और छात्र मौजूद थे।

शहर में उल्लास

केंद्रीय सरना समिति में गूंजे गीत, पाहन ने कराया पूजन

केंद्रीय सरना समिति की ओर से आरआईटी बिल्डिंग कार्यालय में सोमवार को करम पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रांची। केंद्रीय सरना समिति द्वारा कचहरी परिसर स्थित आरआईटी बिल्डिंग कार्यालय में अध्यक्ष फूलचंद तिर्की की अगुवाई में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कांके, बोड़ेया, करमटोली, कोकर, बरियातू और मोरहाबादी समेत कई क्षेत्रों से लोग पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्रों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ चडरी मौजा के राहुल पाहन ने रूढ़िवादी परंपरा अनुसार बेलवा फाड़ी डंडा काटना अनुष्ठान से किया, जिसके बाद लोकगीत-संगीत व नृत्य हुआ। समिति ने पर्व की पवित्रता बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। इसमें पूजा से पूर्व जावा फूल का प्रयोग न करने, गांव के पाहन की अगुवाई में विधि-विधान से पूजा करने, पारंपरिक पहनावे व वाद्ययंत्रों को अपनाने, नशापान कर अथवा जूते-चप्पल पहनकर अखड़ा में प्रवेश न करने और गिरजाघर में करम न गाड़ने जैसी अपीलें शामिल हैं। मौके पर समिति के संरक्षक भुवनेवर लोहरा, संजय तिर्की, महिला अध्यक्ष एंजेल लकड़ा, सत्यनारायण लकड़ा, विमल कच्छप, अमर तिर्की मौजूद थे।

मारवाड़ी कॉलेज में सोमवार को करम पूर्व संध्या समारोह में छात्रों की ओर से मुंडारी कुड़ुख, नागपुरी और कुरमाली भाषाओं में मनमोहक गीत-नृत्य प्रस्तुत किए गए।

मारवाड़ी कॉलेज में दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

रांची। मारवाड़ी कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग द्वारा सोमवार को करम पूर्व संध्या समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने पर्व के वैज्ञानिक महत्व व प्रकृति संरक्षण के संदेश पर प्रकाश डाला। डीएसडब्ल्यू डॉ. वृंदावन महतो ने करमा-धर्मा की कथा सुनाते हुए मानव और प्रकृति के सामंजस्य पर बल दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. खातिर हेमरोम ने अपनी भाषा और जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान किया।

वकीलों और जजों ने मनाया करम पर्व

रांची। जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार को नए बार भवन परिसर में वकीलों के बीच करम पर्व मनाया गया। सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी प्रकृति पर्व में शामिल हुए। सभी पारंपरिक गीत पर झूमे। बार एसो. के एडहॉक कमेटी के सदस्य संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि करम पर्व प्रकृति की पूजा है। एसपी अग्रवाल, मुकेश केसरी समेत पूर्व कमेटी के सदस्य और अधिवक्ता मौजूद रहे।

नए बार भवन परिसर में सोमवार को वकीलों के बीच करम पर्व मनाया गया। सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त अनिल मिश्रा समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी शामिल हुए।

करम संदेश

प्रकृति और सहजीवन का सशक्त प्रतीक है करम

करम केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, प्रेम, श्रम और साझी झारखंडी संस्कृति का जीवंत उत्सव है। भादो शुक्ल एकादशी को मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता दर्शाती है। अखड़ा में मांदर की थाप और करम गीतों की गूंज भाईचारे व समृद्धि का संदेश देती है। यह पर्व हमें सिखाता है-'प्रकृति है तो जीवन है'। आज के दौर में जंगल, नदी और अखड़ा के अस्तित्व पर गहराते संकट के बीच, करम हमें पर्यावरण संरक्षण की लोक-प्रतिज्ञा की याद दिलाता है।
- डॉ. बीरेंद्र कुमार महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर, रांची यूनिवर्सिटी

जीवन-चक्र और उर्वरता का दर्शन कराता है पर्व

करम पर्व में 'जावा' और 'खीरा' केवल पूजन सामग्री नहीं, बल्कि सृजन, समृद्धि और नव-जीवन के प्रतीक हैं। अंकुरित जावा नव-पाषाण काल से चली आ रही कृषि परंपरा और धरती की उर्वरता को दर्शाता है, जबकि खीरा वंश-वृद्धि और मानव जीवन की निरंतरता का संकेत है। यह पर्व प्रकृति और मानव के अटूट संबंध की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है, जिसके बाद ही समाज में नए रिश्तों (विवाह) की शुरुआत की जाती है।
- डॉ. अभय सागर मिंज, असिस्टेंट प्रोफेसर, डीएसपीएमयू

अपनी मूल संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता

आदिवासी समाज जीवनदायी वृक्षों और पर्यावरण को पूजता है। करम पूजा में अखड़ा को फूलों से सजाकर पारंपरिक विधि-विधान और पूर्वजों की गाथाओं के साथ सादगी से पूजा की जाती है। हालांकि, आधुनिकता के दौर में डीजे और दिखावे की संस्कृति बढ़ रही है। करम पर्व की आत्मा को जीवित रखने के लिए इसके पारंपरिक लोकगीत, झूमर और अखड़ा की विशुद्ध झारखंडी कला-संस्कृति को बचाए रखना अत्यंत आवश्यक है।
- शिवा कच्छप, अध्यक्ष, केंद्रीय सरना संघर्ष समिति

Jharkhand Industrial Area Development Authority, Ranchi
3rd Floor, JIADA Building, Namkum Industrial Area Lowadih, Namkum Ranchi-834010(JHARKHAND)
Website-www.jiada.co.in, E-mail ID-mdjiada@gmail.com & md-jiada@jharkhandmail.gov.in

EMERGENT NOTICE INVITING TENDER
(Through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in.)

Letter No-1243 Dated-18.09.2026

NIT No.- **JIADA/015/2026-27**

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, JIADA, 3rd Floor, New JIADA Building, Industrial Area, Namkum, Ranchi-834010
1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in.
2. Date of publishing on website :- 25.09.2026
3. Start date for downloading of the Bid Documents :- 25.09.2026, 3.00 P.M. Onwards.
4. Last date for submission of Bidding Documents :- 03.10.2026 up to 5.00 P.M.
5. Bid opening date (Technical) :- 05.10.2026 at 3:00 P.M.
6. Details of works :-

Bid No.	Name of work	Estimated Cost	Amount of Earnest money EMD (Rs.)	Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) including GST.	Time of completion of work
1	2	3	4	5	6
1	Supplying ,Fitting and Fixing Identification Steel Sign Board in different Industrial Area of Saraikela Kharsawan District under JIADA, Adityapur Region.	21,99,780.00	**44,000.00** (Rupees Forty Four thousand) only	5,900.00	01 month
2	Supplying ,Fitting and Fixing Identification Steel Sign Board in different Industrial Area of East Singhbhum & West Singhbhum District under JIADA, Adityapur Region	22,66,440.00	**45,400.00** (Rupees Forty Five thousand Four Hundred) only	5,900.00	01 month
3	Supplying ,Fitting and Fixing Identification Steel Sign Board in different Industrial Area of Ranchi, Koderma, Hazaribagh & Ramgarh District under JIADA ,Ranchi Region	24,23,999.00	**48,500.00** (Rupees Forty Eight thousand Five Hundred) only	5,900.00	01 month
4	Supplying ,Fitting and Fixing Identification Steel Sign Board in different Industrial Area of Garhwa, Lohardaga, palamu, Latehar, khunti, Gumla & Simdega District under JIADA ,Ranchi Region	16,48,319.00	**33,000.00** (Rupees Thirty Three thousand) only	5,900.00	01 month

7. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no.7004646692 may be contacted.
8. Further details can be seen on website: - www.jharkhandtenders.gov.in.
Note:- Any Corrigendum or Addendum will be notified on website: - www.jharkhandtenders.gov.in only.

PR.NO.390235 RIADA (JIADA)(26-27):D
Sd/- Executive Engineer. JIADA

कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

बंदोबस्ती हेतु आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत ईटखोरी प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित **Multipurpose Training Centre को (Builtup Area- 15100 sqft)** का आवंटन खुला डाक के माध्यम से एक वर्ष (12 माह) के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दिनांक 24/09/2026 से 21/10/2026 तक **''चतरा जिला परिषद कार्यालय''** मो0 10000/- (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **''DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA''** के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। यह राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जायेगी।

भवन का नाम	न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए)	जमानत की राशि
1	2	3
Multipurpose Training Centre Itkhori	400000 (चार लाख रू0)	100000 (एक लाख रू0)

नियम शर्ते –
1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 22/10/2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. डाकबोली की तिथि एवं समय – दिनांक 23/10/2026 के अपराह्न 02.00 बजे।
3. स्थान – जिला परिषद सभाकक्ष, चतरा
4. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
5. बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 400000.00 (चार लाख रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए–1200000.00 (बारह लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम डकबक्ता द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
6. सुरक्षित/जमानत की राशि **मो0 100000.00 (एक लाख रू0)** बैंक ड्राफ्ट द्वारा **''उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा''** के पदनाम से देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
7. संबंधित भवन का एकरारनामा की तिथि से जिस स्थिति में है (As it is where it is) एकरारनामा किया जायगा।
8. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
9. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
10. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
11. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 390219 District (26-27)_D

पंजाब नैशनल बैंक ....भरोसे का प्रतीक
Punjab National Bank ...the name you can BANK upon !

ARMB, राँची (पता: एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, रांची, जिला – राँची, झारखंड – 834001 | फोन : 7300705205, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एंव 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित लेनदार को बंधक/ प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक जो भी लागू हो जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/ प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है। सम्बंधित उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों से बैंक/ सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित तिथि पर **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि सम्बंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लिखित है।

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्त्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/ स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण (बंधककर्त्ता की सम्पत्ति (यों)	A) 13(2) SARFAESI एक्ट के तहत डिमांड नोटिस की तिथि / B) डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि / C) कब्जा की तिथि 13(4) SARFAESI एक्ट 2002 के अनुसार / D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक/ रचनात्मक	A) आरक्षित मुल्य (रू0 लाख में) / B) इएमडी / C) बोली वृद्धि राशि / D) Baanknet प्रॉपर्टी आईडी	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
01	**शाखा कायार्लय : राँची** (005920) **मेसर्स बाबा एंटरप्राइजेज** **मेसर्स बाबा एंटरप्राइजेज** **प्रोप्राइटर : राकेश कुमार,** सीता कुंज, करमटोली, प्रोफेसर कॉलोनी, राँची – 834001 **श्री राकेश कुमार** पिता - श्री रामजी प्रसाद, क्वार्टर संख्या 1299, सेक्टर 2, धुर्वा, राँची – 834004 **श्री संजय कुमार,** पिता - बशिष्ठ राय, फ्लैट संख्या 2A, सीता कुंज, करमटोली, रांची – 834001	देवकी अपार्टमेंट के ब्लॉक-2 के भूतल (ग्राउंड फ्लोर) पर स्थित फ्लैट संख्या G/A के सभी भाग जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 3700 वर्ग फुट तथा एक कार पार्किंग स्थान, जो लगभग 49 कट्ठा (कम या अधिक) क्षेत्रफल वाली भूमि पर निर्मित है। उक्त भूमि खाता संख्या 107 के अंतर्गत प्लॉट संख्या 1006 एवं 1007 का भाग है, जो मौजा-हटमा (करमटोली), थाना-लालपुर, थाना संख्या-200, होल्डिंग संख्या-379/A4, वार्ड संख्या-18 (पुराना) / 21 (नया), जिला-रांची में स्थित है। यह संपत्ति विक्रय विलेख संख्या 1732/2235 दिनांक 22.04.2013 के माध्यम से श्री संजय कुमार, पिता-श्री बशिष्ठ राय के नाम दर्ज है। **संपत्ति की सीमाएँ** : उत्तर: सेटबैक क्षेत्र (खुला स्थान), दक्षिण: 20'-0" (20 फीट) चौड़ा प्रस्तावित मार्ग तथा पार्किंग स्थल, पूर्व: सेटबैक क्षेत्र (खुला स्थान), पश्चिम: 20'-0" (20 फीट) चौड़ा प्रस्तावित मार्ग।	A) 31.05.2021 B) Rs. 90,86,082.25 + further interest C) 30.10.2021 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 1,19,10,700.00 B) Rs. 11,91,070.00 C) Rs 1,00,000.00 D) PUNB20244	06.10.2026 11:00 AM to 04:00 PM

प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण - बैक को ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें
बिक्री सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा।
01. सम्पत्तियों को **"जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जा रहा है।
02. अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसम्पत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जबावदेह नही होगा।
03. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई-नीलमी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक **06.10.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की जाएगी।**
04. उपरोक्त उल्लिखित बयाना राशि (EMD) को PSB Alliance Private Limited के E-Wallet में (**http://baanknet.com**) पोर्टल के माध्यम से सीधे जमा किया जाएगा अथवा उसी पोर्टल पर चालान (Challan) उत्पन्न कर, उसमें दिए गए खाते के विवरण के अनुसार RTGS/NEFT के माध्यम से EMD जमा किया जाएगा। यह राशि **दिनांक 05.10.2026 को 16:00 बजे से पूर्व** अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए।
05. बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnb.bank.in** पर देखें।

SARFAESI अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

अधिक जानकारी हेतु

तिथि : 14.09.2026
स्थान : राँची

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूति दाता

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –49/2026–27

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 1.10.2026 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय: 3.10.2026 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 3.10.2026 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, रॉची।
8) कार्य विवरणी :

क्र0	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Renovation of Toilet and bath room, and kitchen, Improvement of W/S, sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter no. B -7, 30 Set, Rajendra chowk, Doranda, B-7, Block-2, Behind Indira palace, Hinoo & other High court Quarters, Ranchi Under D W&S.Division Ranchi East Ranchi.	986621.00	19800.00	1250.00	15 Days
2	Laying, providing and supplying of UPVC pipe of different dia. With all fittings from Lawyer parking (East side) to Guest house (well) , Typist block -2 to lawyer parking (West side), From AC Plant to Lawyer ground parking in the campus of Jharkhand New High Court, Ranchi, under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi	1358402.00	27200.00	2500.00	30 Days
3	Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work , changing of all saniatry fittings and all allied works at Quarter no.- B-9, B-20, Behind Indira palace, Hinoo, Ranchi&A-29, 48 -Set, Near seth sitaram school, Doranda and Other High court quarters Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi.	1132531.00	22700.00	2500.00	30 Days
4	Renovation & Improvement of water supply with replacement of old and damaged sanitary fittings and other allied works at Judges' Bunglow No.-2, (Near St. Xavier school), Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1088035.00	21800.00	2500.00	30 Days
5	Renovation & Improvement of water supply with replacement of old and damaged sanitary fittings and other allied works at Judges' Bunglow No.-2, Staff's quarters (Near St. Xavier school), Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1054904.00	21100.00	2500.00	15 Days
6	Improvement of water supply with replacement of old and damaged sanitary fittings and other allied works at Judges Guest House No.- 132, and other High Court Pool Quarters under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1187067.00	23800.00	2500.00	30 Days

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in, Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची।

PR 390242 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)